सांसो का बनाके हार

सांसो का बनाके हार बाबा को चढ़ा दे,
भावो का पिरोके हार बाबा को चढ़ा दे,

सांसो का ठिकाना क्या है धोखा दे जाए गी,
एक पल आये दूजे पल रुक जाएगी,
तेरी सांसो का उपहार बाबा को चढ़ा दे,
सांसो का बनाके हार बाबा को चढ़ा दे,

जिसने ये बक्शी ये सांसे उसके ही नाम कर,
परलोक का भी प्यारे थोड़ा इंतजाम कर,
हो जाये गा भव पार बाबा को चढ़ा दे,
सांसो का बनाके हार बाबा को चढ़ा दे,

किस ने गिनी है सांसे कितनी आएगी,
एक साँस बन्दे तुझको श्याम से मिलाये गी,
यह हर्ष तेरे उदगार बाबा को चढ़ा दे,
सांसो का बनाके हार बाबा को चढ़ा दे,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4308/title/sanso-ka-banake-haar-baba-ko-chada-de-bhavo-ka-piroke-haar-baba-ko-chada-de

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |